बीमा जागरूकता के लिए शुरू किया अभियान

स्कूल आफ कामर्स फाइनेंस एंड अकाउंटेंसी परिसर में क्रिटिकल, ग्रूम यंग इंडिया अभियान का किया गया उद्घाटन • सौजन्य- आयोजक

वि. गाजियाबाद : क्राइस्ट यूनिवर्सिटी मरियम नगर के स्कूल आफ कामर्स फाइनेंस एंड अकाउंटेंसी परिसर में क्रिटिकल, ग्रूम यंग इंडिया अभियान शुरू किया गया। अभियान का उद्घाटन निदेशक फादर डा. बिजू पी देवसी ने किया। जो बीमा की जागरूकता एवं सामाजिक पहुंच के लिए चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण भारत में बीमा के क्षेत्र को विस्तारित करना है। विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित बीमा विशेषज्ञता कार्यक्रम बीमा की सामाजिक पहुंच में सुधार के लिए कार्य कर रहा है, जिससे सभी गांवों को इससे जोड़ा जा सके। जिससे पूर्ण सुरक्षा का सपना साकार हो सके। प्रो. जोसी पीटर ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अकादमिक जगत की ओर से हमारे देश के लिए उपहार के तौर पर अभियान चलाया जा रहा है। विभागाध्यक्ष डा. संजय रस्तोगी, किशन सत्यम समेत अन्य मौजूद रहे।